रांची 29-12-2020

आईआईएम रांची का 9वां दीक्षांत समारोह • 272 स्टूडेंट्स को वर्चुअल माध्यम से डिग्री, 3 प्रोग्राम के 5-5 रैंक होल्डर सम्मानित

परिवार का मैनेजमेंट करनेवाले माता-पिता दुनिया के श्रेष्ठ प्रबंधक : रक्षा मंत्री

सिटी रिपोर्टर . रांची

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची (आईआईएम) का 9वां दीक्षांत समारोह सोमवार को वर्चुअल मोड पर कॉलेज कैंपस पर हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और चेयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स आईआईएम, रांची के प्रवीण शंकर पंड्या ऑनलाइन जुड़े। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते कहा कि यह संस्थान राष्ट्र निर्माण में सराहनीय योगदान दे रहा है। कोविड के संकट ने सभी स्तरों पर प्रबंधन की परीक्षा ली है। यानी सर्वाइवल की इस परीक्षा में वही सफल हुए हैं, जिनका प्रबंधन अत्यंत मजबूत और प्रभावशाली रहा है। अब आप कैंपस की इस दुनिया से निकल कर रियल लाइफ चैलेंज का सामना करने के लिए जा रहे हैं। ध्यान रखें कि कोई भी सफलता

अंतिम नहीं होती या विफलता घातक नहीं होती। माता-पिता इस दुनिया के श्रेष्ठ प्रबंधक हैं, जो बिना डिग्री के परिवार जैसी संस्था का पूरा मैनेजमेंट करते हैं। हमें उनसे बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। झारखंड में विकास की अपार संभावनाएं दिखती हैं। यह राज्य मिनरल्स और मेटल का कैपिटल है। प्राकृतिक सौंदर्य भी भरपूर है।

272 में पीएचडी के 3, एमबीए के 182, एमबीए एचआरएम के 66, एग्जिक्यूटिव प्रोग्राम के 21 छात्र

आईआईएम के दीक्षांत समारोह में कुल 272 स्टूडेंट्स को वर्चुअल मोड से डिग्री दी गई। इसमें पीएचडी के 3, एमबीए के 182, एमबीए एचआरएम से 66, पीजी एग्जिक्यूटिव प्रोग्राम में 21 स्टूडेंट्स शामिल रहे। इन प्रोग्राम के पांच-पांच टॉपरों को सम्मानित भी किया गया। एमबीए 2018-2020 बैच में पहला स्थान प्राप्त करने वाले जसमीत सिंह बिंद्रा को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स चेयरमैन मेडल दिया गया, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले हुतांशु कमल को डायरेक्टर्स मेडल, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले राहुल सिन्हा को प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल, चौथा स्थान प्राप्त करने वाले ठाकेर कौशल हितेश को व पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले दिमीलकुमार नरेंद्रभाई पटेल को बुक प्राइज से सम्मानित किया गया। वहीं एमबीए एचआरएम में पहले स्थान पर सुरभि सेठी, दूसरे स्थान पर कनुप्रिया जैन, तीसरे स्थान पर के हरिथा, चौथे स्थान पर गजल और पांचवें स्थान पर ऋतुपर्णा नाथ रहे।

प्लेसमेंट भी बेहतर रहा



एमएचआरडी एमओयू के मापदंडों के आधार पर संस्थान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्लेसमेंट में सभी छात्रों ने सफलता हासिल की है। एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए 9 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें ग्रीस, यूएसए, कनाडा, चीन आदि के संस्थान भी शामिल हैं।

प्रो. शैलेंद्र सिंह, कॉलेज डायरेक्टर

पढ़ाई के साथ कॉलेज एक्टिविटी में भी आगे थी

मैं पंजाब की रहनी वाली हूं। झारखंड में पढ़ाई को लेकर कोई परेशानी नहीं हुई। हमेशा प्रोफेसर्स का सहयोग मिला। हमेशा सारे क्लास अटेंड करने की कोशिश रहती थी। कॉलेज एक्टिविटी में भी भाग लेती थी। मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं।

सुरभि सेठी, फर्स्ट रैंक होल्डर, एमबीए एचआरएम

विपरीत हालात में खुद को मोटिवेट किया

मेरा लक्ष्य तय था। कभी रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। पढ़ाई में पूरा समय दिया। कोर्स के दौरान असाइनमेंट व प्रोजेक्ट के चलते कभी-कभी रात में सो नहीं पाता था। तब खुद को मोटिवेट करता था।

जसमीत सिंह बिंद्रा, फर्स्ट रैंक होल्डर, एमबीए